






नवभारत 04
इंदौर, गुरुवार, 8 जनवरी 2026


## एक नजर में

### श्रीराम समिति ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए



**मक्सी, 7 जनवरी.** कड़ाके की ठंड को देखते हुए श्री राम समिति मक्सी द्वारा मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया गया. समिति ने विद्युत मंडल के पास गडरौली क्षेत्र में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत प्रदान की. इस सेवा कार्य में गोविन्द गोलू पटेल, सुनील नानू पंड्या, दयाराम मंडलोई, रवि जोजो, आशीष दुबे, राहुल जैन, राहुल कुमरावत, सुमित, आलोक, हितेश, पवन परिहार, विनोद नाना, दीपक, हर्ष पटेल एवं कालू वर्मा का विशेष सहयोग रहा. सभी सदस्यों ने मिलकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और समाजसेवा का संदेश दिया. समिति के सदस्यों ने बताया कि ठंड के मौसम में गरीब वर्ग को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है. भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे. कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली और उन्होंने समिति का आभार व्यक्त किया.सेवा सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित

### अनुष्का का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**शुजालपुर, 7 जनवरी.** उच्च शिक्षा विभाग ने अंतर विश्व विद्यालय राज्य स्तरीय फुटबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन रीवा में किया. इस प्रतियोगिता में शासकीय जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय शुजालपुर की छात्रा अनुष्का शर्मा ने विक्रम विश्व विद्यालय उज्जैन की टीम का प्रतिनिधित्व किया. उज्जैन संभाग की टीम ने सेमीफाइनल में रीवा को 4-1 से पराजीत किया, हालांकि फाइनल में शहडोल से उज्जैन संभाग की टीम हार गई और इस स्पर्धा में उपविजेता रही. नगर की होनहार खिलाड़ी अनुष्का शर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ. शासकीय महाविद्यालय की इस छात्रा के चयन पर महाविद्यालय प्राचार्य सहित खेल शिक्षक व प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी व शुभकामनाएं प्रेषित की.

### एक दिवसीय उन्मुखीकरण आयोजित किया



**शुजालपुर, 7 जनवरी.** डाइट शाजापुर में विकासखंड शाजापुर एवं शुजालपुर की शालाओं के शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण आयोजित किया गया, जिन शालाओं में विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं पाया गया था. उन्मुखीकरण के दौरान भाषा एवं गणित के एफएलएन लक्ष्यों, पूर्ण पाठ योजना तथा शिक्षण विधियों की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही कक्षा में उसके प्रभावी क्रियान्वयन का डेमो भी प्रस्तुत किया गया. शिक्षकों को प्रतिदिन नियमित कक्षा संचालन के अतिरिक्त 30 मिनट अतिरिक्त अभ्यास गतिविधियाँ मॉड्यूल के अनुसार कराने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे बच्चों के पठन एवं गणितीय स्तर में सुधार सुनिश्चित किया जा सके. उन्मुखीकरण में कलेक्टर शाजापुर ऋजु बाफना ने शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण के पश्चात भी यदि विद्यार्थियों के स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं होता है तो संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. साथ ही मासिक लर्निंग ट्रैकर में गलत डेटा प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों को निलंबित किए जाने की चेतावनी दी गई. पोस्ट टेस्ट में कमजोर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को माह के सभी रविवार को अतिरिक्त प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश भी दिए गए. इसके अतिरिक्त जिले के अधिकारियों द्वारा इन शालाओं का नियमित निरीक्षण भी किया जाएगा. यह उन्मुखीकरण डाइट प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का संचालन डाइट के जिला एफएलएन प्रभारी महेश भैंसानिया ने किया. मिशन अंकुर प्रोजेक्ट लीड सुमित साध ने अतिरिक्त अभ्यास समय के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों को इसे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से लागू करने की जानकारी दी. उन्मुखीकरण में डीपीसी अनुराग पांडे,अभिषेक चतुर्वेदी, संजय राजपूत, सभाजीत पटेल सहित समस्त मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य निम्न प्रगति वाली शालाओं में शैक्षणिक सुधार लाना, शिक्षकों को उत्तरदायी बनाना तथा सुनियोजित प्रयासों के माध्यम से सभी बच्चों को एफएलएन के अपेक्षित स्तर तक पहुंचाना रहा.

### संवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया



**शुजालपुर, 7 जनवरी.** युवा दिवस सेवा सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर संवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एवं बढ़-चढ़कर सहभागिता की. इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने स्वामी विवेकानंदजी के जीवन, दर्शन एवं युवाओं के प्रति उनके प्रेरणादायी संदेशों पर अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस प्रभारी पूजा सांखला एवं संगीता सोनी द्वारा विद्यार्थियों को आभा आईडी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई. बता दे कि यहां कार्यक्रम महाविद्यालय में संचालित इकाई रेडक्रॉस सोसाइटी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है. इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं प्रो. डॉ. अर्चना गावंडे, डॉ. संजय कुमार प्रजापति, डॉ. सुधीर सवासिया, संस्कृति विश्वकर्मा, अंकिता वर्मा, डॉ. किशोर विश्वकर्मा, उमेश पाण्डेय, डॉ. शाकिब मलिक, मुकेश मालवीय, कमल भिलाला की उपस्थिति रही.

# नगर में डाली जाने लगी गैस की पाइप लाइन

## लोगों के घर में कनेक्शन भी किए जा रहे



**शाजापुर, 7 जनवरी. नगर में गैस की पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है. इस पाइप लाइन के साथ ही घरों पर इसके कनेक्शन पाइंट भी लगाए जा रहे हैं. हालांकि अभी यह तय नहीं है कि इस पाइप लाइन को कब तक चालू किया जाएगा, क्योंकि अभी तक संबंधित कंपनी द्वारा गैस सप्लाई के लिए प्लांट तक नहीं लगाया गया हैं.**

उल्लेखनीय है कि वर्तमान नगर पालिका परिषद का गठन होने के पश्चात वर्ष 2022 में परिषद की दूसरी बैठक में नगर में गैस पाइप लाइन डालने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे. इसके बाद प्रक्रिया चलती रही. अब कंपनी द्वारा नगर में गैस पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा हैं. इसमें कंपनी द्वारा सबसे पहले आदित्य नगर और नगर के वार्ड क्रमांक 21 में पाइप लाइन डाली जा रही हैं. पाइप लाइन डालने के साथ ही कंपनी द्वारा लोगों के घर पर गैस मीटर और कनेक्शन पाइप लगाकर चेतावनी स्टीकर भी लगाया जा रहा हैं. इस चेतावनी स्टीकर पर हाई प्रेशर गैस पाइप लाइन और हेल्पलाइन नंबर भी लिखे हुए हैं. हालांकि अभी घरों पर लगाए जाने वाले मीटर और पाइप का कनेक्शन जमीन में डाली जा रही पाइप लाइन से नहीं किया जा रहा हैं. बताया गया कि जल्द ही पूरे नगर में यह कार्य किया जाएगा.

**जहां दमकल वाहन पहुंच सकें वहां पर डाली जा रही लाइन**

जानकारी के अनुसार गेल कंपनी द्वारा नगर के ऐसे क्षेत्रों में पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा हैं जहां की सड़कों की चौड़ाई ज्यादा हैं. इन सड़कों पर दमकल वाहन आसानी से पहुंच सके इसका ध्यान रखा जा रहा हैं. बताया गया कि सुरक्षा की दृष्टी से कंपनी द्वारा इस तरह के क्षेत्रों का चयन करके कार्य किया जा रहा हैं.

### अभी 500, बाकी 4 हजार बाद में...

जानकारी के अनुसार कंपनी द्वारा जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन डालकर घरों पर कनेक्शन के मीटर और पाइप लगाए जा रहे हैं उन घरों से कंपनी द्वारा 500 रुपए का शुल्क लिया जा रहा हैं. बताया गया कि कंपनी द्वारा गैस कनेक्शन कुल 4500 रुपए में दिया जाएगा. यहा सुरक्षानिधी जमा होगी, जिसे संबंधित उपभोक्ता के कनेक्शन कटवाने पर लौटा दिया जाएगा. ऐसे में अभी कंपनी द्वारा 500 रुपए का शुल्क लिया जा रहा हैं. शेष 4 हजार रुपए की राशि कनेक्शन जोड़ने पर ली जाएगी.

***इनका कहना है***

*हमारी परिषद बनने के बाद परिषद की दूसरी बैठक में गैस पाइप लाइन डालने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था. इस पर अब कार्य जारी हैं. गेल कंपनी द्वारा पाइप लाइन डालकर लोगों के कनेक्शन के लिए मीटर और पाइप भी लगाए जा रहे हैं. अभी कंपनी द्वारा 500 रुपए सुरक्षा निधी ली जा रही हैं. कनेक्शन जोड़ने पर 4000 रुपए और लिए जाएंगे. जो कनेक्शन कटवाने पर संबंधित उपभोक्ता को पुन: मिल जाएंगे. कंपनी का प्लांट कहां पर लगाया जाएगा अभी इसकी जानकारी नहीं मिली हैं.*

***प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका, शाजापुर***

### गैस प्लांट कहां लगेगा...?

नगर में गैस पाइप लाइन डालने का कार्य तो प्रारंभ हो गया हैं, लेकिन गैस पाइप लाइन में गैस पहुंचाने के लिए गैस प्लांट कहां पर डाला जाएगा अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई हैं. नगर पालिका के पास भी गैस पाइप लाइन डालने की जानकारी हैंए लेकिन इसका प्लांट कहां पर डाला जाएगा इसके बारें में कोई जानकारी नहीं हैं. बताया गया कि कंपनी द्वारा आगामी समय में इसकी जानकारी साझा की जाएगी.

# जीवन को गणितीय दृष्टि से समझने तथा एक विधा में पारंगत होने का संदेश दिया

## जेएनएस कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय गणित दिवस का समापन



**शुजालपुर, 7 जनवरी. जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस के समापन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन को गणितीय दृष्टि से समझने तथा किसी एक विधा में पारंगत होने का संदेश दिया.**

इस अवसर पर शासकीय महाविद्यालय सेंधवा से आए विषय विशेषज्ञ प्रो.जितेंद्र सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में गणित की सामान्य समझ तथा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला. उन्होंने अपने उद्‌बोधन में पाई की अनंत श्रेणी, पार्टीशन फंक्शन, मॉक थीटा फंक्शन तथा लगभग 3900 प्रमेयों थ्योरम्स के महत्व पर विस्तार से विचार प्रस्तुत किए. गणित की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया. महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने रामानुजन प्राइम एवं रामानुजन थीटा फंक्शन ने आधुनिक गणित और स्ट्रिंग थ्योरी को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं. साथ ही उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में गणित के योगदान पर भी प्रकाश डाला. भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ.आनंद कुमार अजनोदिया ने रामचरितमानस में वर्णित विभिन्न चौपाइयों के माध्यम से गणितीय दृष्टि पर अपने विचार व्यक्त किए. मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय गणित दिवस के नोडल ऑफिसर डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने छात्राओं को गणित दिवस की उपलब्धियों तथा कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया. साथ ही छात्र रामपाल ठाकुर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए.

# सेवा सप्ताह अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**शाजापुर, 7 जनवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज, शाजापुर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेडक्रॉस के अंतर्गत सेवा सप्ताह बड़े हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है.**

सेवा सप्ताह की शुरुआत पहले दिन महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के साथ हुई. दूसरे दिन स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर संवाद कार्यक्रम व भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई. भाषण प्रतियोगिता में चंचल पाटीदार, प्रीति सौराष्ट्रीय, नीलम कुशवाह, इसरायल खां, सूरज, आशीष परमार ने अपने विचार रखे. इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा, डॉ. बीएल मालवीय, प्रो. अभिषेक, प्रो. प्रकाश जायसवाल, रासेयो स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

### गौमाता को ठंड से बचाने खिलाया गुड़-दलिया

**सोयतकलां. 7 जनवरी.** कड़ाके की सर्दी में बेसहारा भटक रही गौमाता को राहत देने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता निरंतर ठंड में गायों के लिए अलाव एवं गुड़-दलिया की व्यवस्था कर रहे हैं. इसी प्रकार सोयतकलां थाने के आरक्षक दिनेश गुर्जर एवं उनके साथियों ने शीतलहर में ठिठुरति गायों के लिए अलाव की व्यवस्था की. बजरंग दल एवं पुलिस कर्मियों के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा नगर में हो रही है.

# भविष्य की संभावना और रोजगार के अवसरों के बारे में बताया

## आईटीआई में कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन

**सोयतकलां, 7 जनवरी. जिला रोजगार कार्यालय द्वारा बुधवार को शासकीय आईटीआई सुसनेर में कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया. कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आगामी युवा संगम कार्यक्रम के आयोजन पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के व्याख्याता एवं काउंसलर द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के महत्व, भविष्य की संभावनाओं तथा रोजगार के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया.**

जिला रोजगार अधिकारी ने विद्यार्थियों को अवगत कराया कि आज का समय कौशल उन्नयन का है, प्रत्येक व्यक्ति में कम से कम एक स्किल होती है. उस स्किल को तराश कर हम उस स्किल में महारत हासिल कर सकते हैं. रोजगार हेतु शासन स्तर से व्यापक स्तर पर कार्य और योजना, बन रही हैं, जिससे आने वाले समय मे हर हाथ एक स्किल होंगी और हर युवा रोजगार प्राप्त करने में सक्षम होगा. जिले में आयोजित होने वाले युवा संगम का व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया. वर्तमान समय पूर्णत: तकनीक आधारित युग है तथा आने वाले वर्षों में तकनीकी कौशल की मांग और अधिक बढ़ने वाली है. आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा को अपनाएं.

### रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे...

वर्तमान समय में आगर जिले में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, नल-जल योजना तथा अनेक निर्माण परियोजनाएं संचालित हो रहे हैं. इन परियोजनाओं में प्रशिक्षित तकनीकी युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अनेक अवसर प्राप्त होंगे, जिससे जिले के छात्र-छात्राएं यहीं रहकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं. साथ कई कॅरियर के अवसरों की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम में प्रदाय की गई. कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में जिला रोजगार कार्यालय के प्रभारी अधिकारी संजीव कुमार पाटिल, आईटीआई के प्राचार्य सुमित रत्न पारखी, जुगल पाटीदार, स्टाफएवं काउंसलर अनिल सौराष्ट्रीय उपस्थित रहे.

# समाधान योजनांतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

## जिले में विभिन्न तिथियों पर लगाए जाएंगे शिविर व महाकैंप

**सोयतकलां, 7 जनवरी. समाधान योजना के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिलों में राहत प्रदान करने हेतु जिले में निरंतर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. इसी क्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों एवं वृत्तों में शिविर एवं महाकैंप लगाए जाएंगे.**

निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 9 जनवरी को ग्राम भ्याना, 10 जनवरी को ग्राम नरवल में शिविर आयोजित किए जाएंगे. वहीं 12 जनवरी को वृत्त आगर एवं 13 जनवरी को वृत्त सुसनेर में महाकैंप का आयोजन वृत्त कार्यालय परिसर में किया जाएगा. महाकैंप में वृत्त आगर अंतर्गत आगर शहरी एवं ग्रामीण, बड़ौद, जयसिंहपुरा, तनोड़िया एवं कानड़ वितरण केंद्र के समस्त उपभोक्ता तथा वृत्त सुसनेर अंतर्गत नलखेड़ा शहरी एवं ग्रामीण, सोयत, सुसनेर एवं मोड़ी वितरण केंद्र के उपभोक्ता शामिल होंगे. इसके अतिरिक्त वितरण केंद्र परिसरों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 19 जनवरी को नलखेड़ा शहरी एवं ग्रामीण, 20 जनवरी को तनोड़िया एवं सुसनेर, 21 जनवरी मोड़ी एवं कानड़, 22 जनवरी को सोयत एवं जयसिंहपुरा और 27 जनवरी को आगर ग्रामीण एवं बड़ौद में शिविर लगाएं जाएंगे.

### सरचार्ज में मिलेगी छूट...

विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची ने बताया कि शिविरों में समाधान योजना के अंतर्गत घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक एवं कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को बकाया विद्युत बिल जमा करने पर सरचार्ज में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी. उन्होंने जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित तिथियों पर शिविरों में उपस्थित होकर अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान करें और योजना का लाभ उठाएं.

# क्रमोन्नति की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शुजालपुर, 7 जनवरी. नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश जारी करने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा.**

राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव गौरव सक्सेना ने बताया कि उज्जैन संभाग के नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों के 12 एवं 24 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश जारी करने हेतु राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार के नेतृत्व में प्रतिनिध मंडल ने नवीन शैक्षिक संवर्ग अध्यापक संवर्ग के 12 एवं 24 वर्षीय क्रमोन्नति आदेश जारी करने की मांग को लेकर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उज्जैन रमा नहाटे को ज्ञापन दिया. जिसमें संयुक्त संचालक द्वारा शीघ्र क्रमोन्नति आदेश जारी करने का आश्वासन दिया गया. प्रतिनिधि मंडल में राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिला सचिव रामसिंह बनिहार आदि उपस्थित थे.

**एक नजर में** — सुंदरकांड में उमड़ी आस्था, भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम दिखा

# 'एक शाम राम के नाम' भजन संध्या आयोजित, जमकर झूमे श्रद्धालु



**मक्सी, 7 जनवरी. समीपस्थ ग्राम लसुड़िया कुलमी में युवा समाजसेवी धर्मेंद्र पाटीदार के तत्वावधान में आयोजित एक शाम राम के नाम कार्यक्रम में भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला.**

कार्यक्रम के अंतर्गत पीपलरावा मंडली द्वारा मधुर, संगीतद्मय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को राममय बना दिया. सुंदरकांड के पश्चात निखिल खत्री, निलेश पाटीदार एवं मंडली द्वारा प्रस्तुत खाटू बुला ले श्याम धनी... सहित भक्तिमय भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर झूम उठे. भजनों की सुमधुर प्रस्तुति ने देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा. कार्यक्रम में शाजापुर विधायक अरुण भीमावद विशेष रूप से उपस्थित रहे. साथ ही भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री महेश पाटीदार, टोंकखुर्द भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटीदार, पाटीदार समाज के पूर्व उपाध्यक्ष रामकृष्ण गोठी, सुभाष पाटीदार, जितेंद्र पटेल, राजेंद्र आर्य, जमोनिया के पूर्व सरपंच कमल पाटीदार, भगवान सिंह पाटीदार, धर्मेंद्र पटेल, मयाराम गुर्जर, रामसिंह आचार्य, डॉ. सुरेश गुर्जर, श्याम गुर्जर, विजेंद्र गुर्जर, भंवर पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजजन मौजूद रहे. कार्यक्रम में रघु दरबार की विशेष झांकी आकर्षण का केंद्र रही. हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भक्ति भाव के साथ सहभोज का भी आनंद लिया. आयोजन ने क्षेत्र में सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था को सशक्त संदेश दिया.

### आचार्यश्री की दशम पुण्यतिथि पर सेवा कार्य

**शुजालपुर, 7 जनवरी.** मालवा भूषण आचार्य नवरत्न सागर सूरीश्वर महाराज साहब की दशम पुण्यतिथि के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन द्वारा नि: शुल्क कोचिंग के बच्चों के बीच सर्वप्रथम नवकार मंत्र उच्चारण कराकर ठंड में अत्यंत लाभकारी पिण्डखजूर वितरित कराए गए एवं जरूरतमंदो को ठंड से बचाव के लिए मौजे भी वितरित किए गए. इस अवसर पर दीपक गोयल, अभिनंदन जैन, राजेश जायसवाल, भूपेंद्र गुगलिया, तरुण सोनी, ग्रीष्मा शाह, वीणा गोयल, परमजीत कौर खालसा आदि उपस्थित रहे.